# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 29.03.2025 (दोपहर–1455 बजे)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन–2025 का उद्घाटन किया। दो दिन के इस सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने किया है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने पर बल दिया।

**********************

छत्तीसगढ़ के बस्तर डिविजन के सुकमा जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 16 नक्सली मारे गए। इस मुठभेड़ में जिला रिज़र्व गार्ड–डीआरजी के दो जवान घायल भी हुए हैं। नक्सल अभियान में इस सफलता के लिए केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सुरक्षाबलों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए संकल्पित हैं। केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा कि हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता, केवल शांति और विकास ही बदलाव ला सकता है।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उद्योगपति गौतम अदाणी की मुलाकात के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप–प्रत्यारोप शुरु हो गया है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुलनाथ शाहदेव ने तंज कसते हुए कहा कि झामुमो और कांग्रेस का दोहरा चरित्र सामने आ गया है। इधर, कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने इस मुलाकात को राज्य के औद्योगिक विकास की दिशा में सार्थक पहल बताया है। इस बीच झामुमो के प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा है कि राज्य में निवेश के लिए सबका स्वागत है। मुख्यमंत्री राज्य के औद्योगिक विकास को लेकर लगातार आगे बढ़ रहे हैं।

**********************

केन्द्र सरकार ने राशन कार्ड ई–केवाईसी की तिथि 30 अप्रैल तक तक बढ़ा दी है। इस सिलसिले में झारखंड समेत देश के सभी राज्यों को पत्र प्रेषित किया गया है। पहले ई–केवाईसी की अंतिम तिथि 31 मार्च तय थी। 30 अप्रैल तक ई–केवाईसी न कराने वाले लाभार्थियों का नाम राशन कार्ड से हटा दिया जाएगा।

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क पर मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

**********************

पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा नेता चम्पाई सोरेन ने कांग्रेस को आदिवासी विरोधी पार्टी करार दिया है। सरायकेला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने डिलिस्टिंग के मुद्दे पर कांग्रेस को आड़े हाथों लिया और इस दिशा में आदिवासी नेता कार्तिक उरांव की पहलों की चर्चा की। श्री सोरेन ने कहा कि आदिवासियों की एक संपूर्ण जीवनशैली है, जिसकी अनदेखी नहीं की जा सकती है। परंपराओं से दूर हटने के बाद भी धर्मांतरण करने वाले लोग भी आरक्षण का लाभ उठा रहे हैं, जो चिंता का विषय है।

**********************

जनहित से जुड़े मुद्दों को विधानसभा में उठाने के लिए स्थानीय विधायक भूषण बाड़ा का सिमडेगा वासियों ने आभार जताया है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता––

**********************

राज्य में एक बार फिर गर्मी का सितम बढ़ गया है। डालटनगंज और गोड्डा में पारा चालीस डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। अधिकांश जिलों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक चल रहा है। थोड़ी राहत की बात यह है कि अगले दो दिनों के दौरान तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट की संभावना है। दो अप्रैल तक आकाश मुख्यतः साफ रहेगा। तीन अप्रैल को आकाश में आंशिक रूप से बादल छाये रहने का पूर्वानुमान है। हालांकि मौसम के शुष्क बने रहने के आसार हैं।

**********************